HINDUSTAN PAGE 4

आर्ट्स कॉलेज के छात्रों ने याद किया

लखनऊ। आर्ट्स कॉलेज के ललित कला विभाग में रविवार को गायिका स्व. लता मंगेशकर की स्मृति में श्रद्धांजलि हेतु सप्त स्वरांजलि कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में संगीत, नृत्य एवं चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। उद्घाटन डॉ. राकेश चन्द्रा ने किया।

ललित कला विभाग के विभागाध्यक्ष एवं संस्कार भारती के महामंत्री डा संजीव किशोर गौतम राजपूत के द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में लता मंगेशकर को श्रद्धांजलि स्वरूप कला पुष्प अर्पित किया। कार्यक्रम का संयोजन डा. विभा सिंह ने किया। प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं ने लता के 150 चित्रों का प्रदर्शन किया। पांच छात्रों को पुरस्कार दिया गया। विनय सिंह को पहला, आकाश कुमार को दूसरा, अरेन्द्रा चैधरी को तीसरा, जितेन्द्र कुमार को चौथा, राजन पटेल को पांचवां पुरस्कार मिला।

i-NEXT PAGE 4

डीएसडब्ल्यू ऑफिस न्यू कैंपस में भी

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW(6 Mar): लखनऊ यूनिवर्सिटी के जानकीपुरम स्थित नवीन परिसर के स्टूडेंट्स को छात्रवृत्ति फार्म जमा करने सहित कोई भी समस्या के लिए पुराने परिसर आने की जरूरत नहीं पड़ेगी. जल्द ही नवीन परिसर में भी डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर का कार्यालय खोला जाएगा. यहां एडिशनल और असिस्टेंट डीएसडब्ल्यू अपने-अपने तय समय के अनुसार बैठकर स्टूडेंट्स की समस्याओं का समाधान करेंगे. इसके लिए प्रशासनिक ब्लाक में स्थान चिह्नित कर लिया गया है. एलयू में पुराना और नवीन परिसर हैं. इसके बीच की दूरी करीब आठ से 10 किलोमीटर है. नवीन परिसर में विधि, फार्मेसी, टूरिज्म, आइएमएस सहित कई संस्थान संचालित हैं. इनमें करीब छह हजार विद्यार्थी पढ़ते हैं. यहां पर प्रो. विनीता काचर एडिशनल डीएसडब्ल्यू और नौ असिस्टेंट डीएसडब्ल्यू हैं. डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि अभी तक डीएसडब्ल्यू आफिस न होने की वजह से इन सभी के बैठने के लिए कोई स्थान निर्धारित नहीं है.

लता के गीतों से सड़क सुरक्षा संदेश

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW(6 Mar): भारत रत्न स्वर कोकिला लता मंगेशकर की याद में कसर ग्रुप एवं विकल्प सामाजिक संस्था द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन 1090 चौराहे पर किया गया. लता मंगेशकर के गीतों पर योग, जुंबा, सालसा की प्रस्तुति कलाकारों ने दी. इसके माध्यम से सड़क पर वाहन चलाते समय सुरक्षा के उपाय व बरती जाने वाली सावधानी के प्रति लोगों को जागरूक किया गया.

ए मेरे वतन के लोगों

कार्यक्रम का शुभारंभ ए मेरे वतन के लोगों... गीत से हुआ. संस्कृति संस्था द्वारा वंदेमातरम का गायन व श्रृवंतिका सहाय ने लता के गाने पर सालसा पेश किया. कार्यक्रम में फीटस आन फायर ग्रुप की ओर से लता के गीतों पर जुंबा किया गया. कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक, महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन की मौजूदगी रही. विशिष्ट अतिथि अपर परिवहन आयुक्त सड़क सुरक्षा पुष्पसेन सत्यार्थी रहे.

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

लखनऊ विवि : लता मंगेशकर को दी श्रद्धांजलि

लखनऊ। लखनऊ विवि के कला एवं शिल्प महाविद्यालय के ललित कला संकाय, संस्कार भारती अवध प्रांत और राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा स्वर कोकिला लता मंगेशकर को श्रद्धांजलि देते हुए रविवार को स्वरांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्रों ने लता मंगेशकर की करीब 150 खूबसूरत चित्रों का प्रदर्शन किया। (माई सिटी रिपोर्टर)

शुरू हुई लॉ हॉस्टल प्रीमियर लीग

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (6 Mar): लखनऊ यूनिवर्सिटी के सेकेंड कैम्पस स्थित होमी जहांगीर भाभा ला हास्टल के छात्रों की ओर से रविवार को 10वें एलएचपीएल (ला हास्टल प्रीमियर लीग) का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्घाटन विधि संकाय के डीन प्रो. सीपी सिंह ने किया. इस अवसर पर न्यू कैंपस के स्पोर्ट्स इंचार्ज डा. अनुराग कुमार श्रीवास्तव, प्रो. आनंद विश्वकर्मा व अन्य लोग मौजूद रहे. कार्यक्रम की आयोजक मंडली में स्टूडेंट प्रेसिडेंट उत्सेन वर्मा, अनूप पाल, विशाल कुमार पटेल, नागेश्वर सिंह आदि शामिल हैं.

NBT PAGE 6

श्रद्धांजलि आर्ट्स कॉलेज के ललित कला विभाग व संस्कार भारती अवध प्रांत का आयोजन

लता दी की याद दिला गए चित्र

■ एनबीटी, लखनऊ : कला एवं शिल्प महाविद्यालय लखनऊ के ललित कला विभाग व संस्कार भारती अवध प्रांत की ओर से रविवार को स्वर कोकिला भारतरत्न लता मंगेशकर को श्रद्धांजलि दी गई। श्रद्धांजलि सभा का आयोजन पॅसिस के हतपर सभागार में किया गया। इस मौके पर छात्रों ने लता मंगेशकर के चित्रों की प्रदर्शनी भी लगाई। इसी के साथ सप्त स्वरांजलि शीर्षक से संगीत एवं नृत्य कार्यक्रम भी हुआ। इसमें लता मंगेशकर के गीतों पर कई छात्रों ने प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. संजीव किशोर गौतम विभागाध्यक्ष ललित कला विभाग ने किया। इस मौके पर मुख्य रूप से अमरनाथ गौड़, निधा सिंह, गरिमा अग्रवाल सहित तमाम छात्र छात्राएं मौजूद रहीं।

चित्र प्रदर्शनी के साथ ही हुआ स्वरांजलि कार्यक्रम का आयोजन।

योग व सालसा से किया याद

1090 चौराहे पर लता मंगेशकर की स्मृति में कसर ग्रुप व विकल्प सामाजिक संस्था ने कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें लड़की के गीतों पर योग, फार योग, जुम्बा, सालसा की प्रस्तुति हुई। मुख्य अतिथि नीरो द्विवेदी, अपर पुलिस अधीक्षक(1090) व डिप्टीए अतिथि पुष्प सेन सत्यार्थी, डिप्टी ट्रांसपोर्ट कमिश्नर डेड सेमरी परिवहन विभाग ने कलाकारों का उत्साहवर्धन किया।

JAGRAN CITY PAGE I & III

दिव्यांश ने बनाया कीर्तिमान

लखनऊ। लखनऊ विवि के छात्र दिव्यांश श्रीवास्तव ने उत्तराखंड में पैराग्लाइडिंग करते हुए गायन और गिटार बजाने का नया कीर्तिमान रचा है। उन्होंने गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दावेदारी प्रस्तुत की है। सीतापुर निवासी और लविवि के एमबीए तीसरे सेमेस्टर के छात्र दिव्यांश ने कहा कि 21 वर्ष की आयु में पैराग्लाइडिंग करते हुए गाना गाने और गिटार बजाने वाले वे पहले युवा हैं। (माई सिटी रिपोर्टर)

लॉ हॉस्टल प्रीमियर लीग

लखनऊ। लखनऊ विवि के नवीन परिसर में होमी जहांगीर भाभा लॉ हॉस्टल के छात्रों द्वारा एलएचपीएल लॉ हॉस्टल प्रीमियर लीग के दसवें संस्करण का आयोजन किया गया। उद्घाटन विधि संकाय के डीन प्रो. सीपी सिंह ने किया। (माई सिटी रिपोर्टर)

ला हास्टल प्रीमियर लीग शुरू

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर स्थित होमी जहांगीर भाभा ला हास्टल के छात्रों की ओर से रविवार को 10वें एलएचपीएल (ला हास्टल प्रीमियर लीग) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विधि संकाय के डीन प्रो. सीपी सिंह ने किया। इस अवसर पर न्यू कैंपस के स्पोर्ट्स इंचार्ज डा. अनुराग कुमार श्रीवास्तव, प्रो. आनंद विश्वकर्मा व अन्य लोग मौजूद रहे। (जासं)

नौकरी व इंटर्नशिप के अवसर

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के स्नातक व परास्नातक विद्यार्थियों के लिए विभिन्न कंपनियों में नौकरी व इंटर्नशिप के अवसर उपलब्ध कराए गए हैं। केंद्रीय प्लेसमेंट सेल के निदेशक संजय मेघावी ने विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर इसका नोटिफिकेशन जारी किया है। विद्यार्थी दिए गए निर्देशों के अनुसार आवेदन कर सकते हैं। (जासं)

महिलाओं का होगा सम्मान

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के निवेदिता छात्रावास में आठ मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर तृतीय व चतुर्थ श्रेणी महिला कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा। उन्हें कोविड सेफ्टी किट व पर्सनालिटी डेवलपमेंट किट वितरित की जाएगी। कार्यक्रम सुबह 11.30 बजे होगा। (जासं)

नए कैंपस में भी खुलेगा डीएसडब्ल्यू कार्यालय

लखनऊ विश्वविद्यालय

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के जानकीपुरम स्थित नवीन परिसर के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति फार्म जमा करने सहित कोई भी समस्या के लिए पुराने परिसर आने की जरूरत नहीं पड़ेगी। जल्द ही नवीन परिसर में भी अधिष्ठाता छात्र कल्याण (डीएसडब्ल्यू) का कार्यालय खोला जाएगा। यहां एडिशनल और असिस्टेंट डीएसडब्ल्यू अपने-अपने तय समय के अनुसार बैठकर विद्यार्थियों की समस्याओं का समाधान करेंगे। इसके लिए प्रशासनिक ब्लाक में स्थान चिह्नित कर लिया गया है। जल्द ही इसकी स्थापना की जाएगी।

लवि में पुराना और नवीन परिसर हैं। इसके बीच की दूरी करीब आठ से 10 किलोमीटर है। नवीन परिसर में विधि, फार्मेसी, टूरिज्म, आइएमएस सहित कई संस्थान संचालित हैं। इनमें करीब छह हजार विद्यार्थी पढ़ते हैं। यहां पर प्रो. विनीता काचर एडिशनल डीएसडब्ल्यू और नौ असिस्टेंट डीएसडब्ल्यू हैं। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि अभी तक डीएसडब्ल्यू आफिस न होने की वजह से इन सभी के बैठने के लिए कोई स्थान निर्धारित नहीं है। विद्यार्थियों को भी कर्मयोगी छात्रवृत्ति के आवेदन फार्म सहित कई चीजों के लिए पुराने परिसर आना पड़ता है। इसलिए तय किया गया है कि नवीन परिसर के प्रशासनिक ब्लाक में एक आफिस खोला जाएगा, जहां पर एडिशनल और सभी असिस्टेंट डीएसडब्ल्यू बैठेंगे। छात्र-छात्राएं अपनी समस्याओं के समाधान के लिए आ सकते हैं। इसके अलावा यहां जल्द ही कैंटीन की सुविधा विद्यार्थियों को दी जाएगी। पहले कैंटीन चलती थी, लेकिन छात्रों के बीच मारपीट की घटना के बाद इसे बंद कर दिया गया था।

TOI PAGE 3

LU issues rules for LBS hostel inmates

TIMES NEWS NETWORK

Lucknow: A day after three hostellers of Lucknow University's Lal Bahadur Shastri Boys hostel were injured in a fight with illegal occupants, LU's proctor office members along with police officials did a surprise inspection of the hostel late on Sunday night.

Later, LU issued detailed guidelines to be followed by the hostel inmates which said that given the safety of all hostellers no party will be organized at the hostel without the permission of the provost and the chief provost.

It also said that no outsider is allowed and even guardians can meet after taking permission from the chief provost and provost. Nobody would be allowed to enter or leave the hostel after 10 pm. Those who have some urgent work will have to seek the permission from the respective provost before leaving the hostel.

"Strict action will be taken against students who fail to follow the guidelines," said LU spokesperson Durgesh Srivasatava.

TRUE TIMES PAGE 1 & 2

घर की चारदीवारी के भीतर भी करें महिलाओं का सम्मान

टू टाइम्स संवाददाता

लखनऊ विश्वविद्यालय के नवीन परिसर स्थित विधि संकाय की मूट कोर्ट कमेटी द्वारा 'भारत और नेपाल के संविधानों के तहत लैंगिक समानता : एक तुलनात्मक अवलोकन' विषय पर सत्र आयोजित कराया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता, धनुषा जिला न्यायालय, जनकपुरधाम, नेपाल में न्यायिक अधिकारी, त्रिवेश झा मौजूद रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में संकाय के विभाग अध्यक्ष एवं संकाय अध्यक्ष प्रोफेसर सीपी सिंह ने उनका स्वागत किया। उन्होंने सभी छात्रों को बताया कि भारत में लैंगिक असमानता शिशु के जन्म से ही शुरू हो जाती है हालांकि संविधान द्वारा सुनिश्चित मूलभूत अधिकारों एवं वर्णित राज्य के नीति निदेशक सिद्धांतों (डॉ पी एस पी) द्वारा यह असमानताएं पाले की तुलना में काफी हद तक कम हुई है। उन्होंने भारत एवं नेपाल के विशेष संबंधों की चर्चा करते हुए बताया की विधि के क्षेत्र में विश्व प्रसिद्ध डॉ राम उगर सिंह जोबि एल यू विधि संकाय के डीन के रूप में कार्यरत थे। उन्होंने नेपाल के संविधान को बनाने में सहायता की थी। जीवेश झा ने सर्वप्रथम भारत से तुलना करते हुए उन्होंने कई संवैधानिक पहलू पर चर्चा की जैसे कि महिलाओं को मध्य नजर रखते हुए प्रॉपर्टी का अधिकार, समान काम के लिए समान वेतन आदि। उन्होंने भारत में मौजूद महिला उत्पीड़न एवं हिंसा जैसे मामलों पर महिला जज द्वारा मुनासिब कार्य करने जैसे पहलू की प्रशंसा करें और उसे नेपाल में ना मौजूद बताया। वही पॉलीटीकल रिप्रेजेंटेशन के मामले में नेपाल में एक तिहाई औसतन रिप्रेजेंटेशन की भी बात कही जिसे अभी भारत को प्राप्त करना है। इन्होंने बताया की हम सभी महिला को देवी तक का दर्जा देते हैं परंतु हमें इस दर्जे को केवल मंदिरों तक सीमित नहीं रखना चाहिए बल्कि महिलाओं का सम्मान घर की चारदीवारी के भीतर भी करना चाहिए। अंततः प्रश्न उत्तर राउंड में छात्रों के सवालों के जवाब दिए गए।

दोनों ही देशों के संविधानों पर विस्तृत रूप से चर्चा करी। उन्होंने बताया कि नेपाल एवं भारत दोनों ही देशों के संविधानों में महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु विशेष प्रावधान हैं। नेपाल की लोकसभा जिसे हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव कहा जाता है उसमें एक तिहाई सीटें महिलाओं के लिए गारंटीड हैं। साथ ही

लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रा दिव्यांश द्वारा पैराग्लाइडिंग के दौरान गायन और गिटार बजाने का किया गया कीर्तिमन स्थान

टू टाइम्स संवाददाता

लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र दिव्यांश श्रीवास्तव ने हैलिकाप्टर, उत्तराखंड में पैराग्लाइडिंग करते हुए, गायन और गिटार बजाते हुए एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

उन्होंने गिनीज बुक ऑफ वार्ल्ड रिकॉर्ड्स में अपनी दावेदारी प्रस्तुत की है। इनका कहना है कि 21 वर्ष की अवस्था में पैराग्लाइडिंग करते हुए, गायन करते और गिटार बजाते हुए यह पहले युवा हैं जिन्होंने यह कीर्तिमान स्थापित किया है।

दिव्यांश श्रीवास्तव लखनऊ विश्वविद्यालय में एमबीए विभाग के तीसरे सेमेस्टर के छात्र हैं और सीतापुर के रहने वाले हैं।

लखनऊ विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने दिव्यांश को उनके इस कीर्तिमान स्थापित करने के लिए बधाई और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

लखनऊ विश्वविद्यालय की इंजीनियरिंग संकाय की छात्रा प्रियल सिंह, कनाडा की डलहौजी यूनिवर्सिटी मे रिसर्च इंटर्नशिप के लिए हुई चयनित

टू टाइम्स संवाददाता

लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय की कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग की तृतीय वर्ष की छात्रा प्रियल सिंह का ग्लोबल लिंक रिसर्च इंटर्नशिप अवार्ड 2022 के तहत डलहौजी यूनिवर्सिटी, हालिफैक्स, कनाडा में रिसर्च इंटर्नशिप की प्रोफाइल पर चयन हुआ। स्क्रीनिंग टेस्ट एवं सात राउंड के इंटरव्यू को उत्तीर्ण कर प्रियल सिंह जुलाई से सितंबर के मध्य, डलहौजी यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर डेरेक रेली के गाइडेंस में 'एप्लायिंग स्पेसियल एनालिसिस टू इनेबल लार्ज-स्केल अौगमेंटेड रियलिटी गेम्स एंड नैरेटिव एक्सपीरियंसेस' विषय पर रिसर्च करेंगी। इस रिसर्च इंटर्नशिप के लिए प्रियल सिंह को 8000 कैनेडियन डॉलर की स्पॉन्सरशिप मिटाक्स द्वारा दी गयी।

प्रियल सिंह की इस उपलब्धि के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय एवं इंजीनियरिंग संकाय के इंचार्ज प्रोफेसर आर.एस गुप्ता ने बधाई दी।

राजभवन लखनऊ के पुष्प प्रदर्शनी में लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भ्रमण किया

टू टाइम्स संवाददाता

राजभवन में चल रही पुष्प प्रदर्शनी में लखनऊ विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के 50 से ज्यादा छात्र-छात्राओं का भ्रमण कराया गया। भ्रमण के दौरान कुलपति महोदय की पत्नी श्रीमती संगीता राय, प्रो पूनम टण्डन, अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डॉ मीरा सिंह एवं डॉ अल्का मिश्रा जी ने छात्र-छात्राओं के साथ मिलकर विभिन्न प्रदर्शित वस्तुओं एवं पुष्पों इत्यादि की जानकारी प्राप्त की।

डीलिट के आवेदन शुरू फीस अभी तय नहीं

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने 11 साल बाद डाक्टर आफ लिट्रेचर (डीलिट), डाक्टर आफ साइंस (डीएससी) और डाक्टर आफ लाज (एलएलडी) पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए आनलाइन आवेदन शुरू कर दिए। पाठ्यक्रम की फीस कितनी होगी, यह अभी तय नहीं हो पाया। लवि प्रशासन का कहना है कि जल्द ही कमेटी निर्णय ले लेगी।

लवि में 2011 से डीलिट के आवेदन बंद थे। बीते 24 फरवरी को फिर से इसकी शुरुआत कर दी। डीलिट, डीएससी और एलएलडी पाठ्यक्रम में 31 मार्च तक आवेदन का नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया। आनलाइन आवेदन के लिए सामान्य वर्ग को दो हजार और एससी-एसटी वर्ग को एक हजार शुल्क देना होगा, लेकिन पाठ्यक्रम की सालाना फीस तय नहीं हो पाई है। डीन एडमिशन प्रो. वीके शर्मा का कहना है कि फीस का निर्धारण कमेटी को करना है। वित्त अधिकारी से बात की गई है। जल्द ही इस पर निर्णय लिया जाएगा।

हर्षिता को मिला स्वर्ण पदक

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के बायो केमेस्ट्री विभाग में रविवार को दीक्षा समारोह के पदक वितरण का आयोजन किया गया। वर्ष 2021 में एमएससी बायो टेक्नोलाजी में एक से चार सेमेस्टर तक सर्वाधिक अंक लाने वाली आइटी कालेज की छात्रा हर्षिता शर्मा को मंजू सेठ मेमोरियल गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। यह पदक सेंटर आफ बायोमेडिकल रिसर्च के डायरेक्टर प्रो. आलोक धवन और बायो केमेस्ट्री विभाग के हेड प्रो. सुधीर मेहरोत्रा ने दिया। (जासं)

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

बगैर अनुमति छात्रावासों में नहीं कर सकेंगे पार्टी

लखनऊ। लखनऊ विवि के छात्रावासों में अब बिना प्रोवोस्ट और चीफ प्रोवोस्ट की अनुमति के छात्र पार्टी नहीं कर पाएंगे। बिना अनुमति पार्टी करने की सूचना मिली तो प्रॉक्टोरियल बोर्ड जांच के बाद कार्रवाई करेगा।

शुक्रवार रात लाल बहादुर छात्रावास में आयोजित जन्मदिन की पार्टी में दो छात्र गुटों में मारपीट हुई थी, जिसमें एमए के एक छात्र का सिर फट गया था। तीन अन्य छात्र भी घायल हो गए थे। पुलिस ने एक बाहरी छात्र की बाइक सीज की है। प्रॉक्टर प्रो. राकेश द्विवेदी ने बताया कि मारपीट में सभी छात्र बाहरी हैं। उधर रविवार को पुलिस ने लविवि पहुंच कर प्रॉक्टर से घटना की फिर जानकारी ली। लविवि की छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि छात्रावासों के लिए रात्रि भोजन का समय रात सात बजे से नौ बजे तक निर्धारित किया गया है। इसके बाद बिना प्रोवोस्ट की अनुमति के बाहर जाना प्रतिबंधित रहेगा। बाहरी को बुलाना प्रतिबंधित है। प्रोवोस्ट की अनुमति से निर्धारित समय व स्थान पर अभिभावक मिल सकते हैं। (माई सिटी रिपोर्टर)

छात्रावासों के लिए निर्देश

पुलिस ने रविवार रात को छात्रावास में जांच की। साथ में विवि प्रशासन -विज्ञप्ति

i-NEXT PAGE 3

रात 10 के बाद प्रोवोस्ट की हां पर ही एलयू के हॉस्टल में इंट्री

हॉस्टल में पार्टी बैन

PIC: DAINIK JAGRAN-I NEXT

iFOLLOW UP

लखनऊ यूनिवर्सिटी ने हॉस्टल में पार्टी के आयोजन पर लगाई रोक

● हॉस्टल में हर कमरे की जांच की गई.

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (6 Mar): लखनऊ यूनिवर्सिटी ने लाल बहादुर शास्त्री (एलबीएस) हॉस्टल में शुक्रवार देर रात दो गुटों के बीच हुई मारपीट के बाद शनिवार को यूनिवर्सिटी प्रशासन ने कुछ निर्णय लिए हैं. यूनिवर्सिटी की प्रॉक्टोरियल बोर्ड ने पुलिस के साथ मिलकर शनिवार की रात ओल्ड कैम्पस में स्थित सभी ब्वॉयज हॉस्टल की जांच की. हालांकि इस दौरान टीम को कुछ आपत्तिजनक नहीं मिला. यूनिवर्सिटी के सूत्रों का कहना है कि अगले कुछ महीनों तक प्रॉक्टोरियल बोर्ड और पुलिस किसी भी समय हॉस्टल में छापा मारकर अवैध रूप से रह रहे अराजक तत्वों को पकड़ने का काम कर सकती है.

कमेटी ने भी शुरू की जांच

वहीं यूनिवर्सिटी की ओर से भी एक सात सदस्यीय जांच कमेटी गठित कर दी गयी है. इस कमेटी ने रविवार से ही जांच भी शुरू कर दी है. तीन दिन में अपनी रिपोर्ट यूनिवर्सिटी प्रशासन को सौंपेगी. प्रॉक्टर प्रो. राकेश द्विवेदी ने बताया कि जांच कमेटी और पुलिस दोनो की ही जांच रिपोर्ट आ जाने के बाद भी दोषी छात्र होंगे उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई होगी.

एक-एक कमरा चेक किया

घटना के बाद यूनिवर्सिटी प्रॉक्टोरियल बोर्ड की टीम ने सभी हॉस्टलों के कमरों को खंगाला और मौजूद छात्रों के आईडी कार्ड भी देखे. छात्रों को सख्त हिदायत दी गयी कि अब कोई भी बाहरी छात्र अगर किसी के कमरे में मिलेगा तो उसका हॉस्टल से बाहर कर दिया जाएगा. छात्र अधिष्ठाता प्रोफेसर पूनम टंडन ने बताया कि हॉस्टल में मारपीट के बाद अब नियम और सख्त कर दिए गये हैं. अब बिना प्रोवोस्ट और चीफ प्रोवोस्ट की अनुमति के छात्र पार्टी नहीं कर सकेंगे. कोई बाहरी व्यक्ति प्रवेश नहीं कर सकेगा. रात्रि 10:00 बजे के बाद किसी भी छात्र का बिना प्रोवोस्ट के छात्रावास के बाहर आना-जाना नहीं हो सकेगा.

ये निर्देश जारी किए गए

- किसी भी हॉस्टल में बिना प्रोवोस्ट और चीफ प्रोवोस्ट की अनुमति के छात्रों द्वारा किसी भी तरह की पार्टी का आयोजन ना किया जाए.
- स्टूडेंट्स द्वारा किसी भी बाहरी व्यक्ति को हॉस्टल में बुलाना प्रतिबंधित. - अभिभावक प्रोवोस्ट की अनुमति से निर्धारित समय तथा हॉस्टल में निर्धारित किए गए स्थान पर मिल सकते है.
- रात 10:00 बजे के बाद किसी भी छात्र का बिना प्रोवोस्ट के छात्रावास के बाहर आना-जाना प्रतिबंधित.
- सभी हॉस्टलों में रात्रि भोजन का समय सायं 07:00 से 9:00 के मध्य रहेगा.
- जो कोई भी छात्र उपरोक्त नियमों की अवहेलना करता पाया जाएगा, उसके विरुद्ध कठोर कार्यवाही होगी.

छात्रों के बयान दर्ज

पुलिस टीम ने रविवार को एलबीएस हॉस्टल के अन्य छात्रों के भी बयान दर्ज किए हैं. यूनिवर्सिटी चौकी प्रभारी राहुल तिवारी ने बताया कि मामले की छानबीन शुरू हो गयी है, साथ ही मारपीट करने वाले छात्रों के बारे में भी पता लगाया जा रहा है. कुछ छात्रों के मोबाइल नंबर भी मिले हैं, उनकी लोकेशन के आधार पर धरपकड़ होगी. यूनिवर्सिटी प्रशासन का कहना है कि इस मामले में जो भी दोषी मिलेगा, उसके खिलाफ बेहद सख्त एक्शन लिया जाएगा.

PIONEER PAGE 3

लविवि: हास्टलों में पहुंची पुलिस, खंगाले आईडी कार्ड

● छात्रावासों में बवाल करने वाले छात्रों की दो दिन बाद भी नहीं हो सकी गिरफ्तारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

दो दिन पूर्व लखनऊ विश्वविद्यालय में महमूदाबाद छात्रावास से लेकर लाल बहादुर शास्त्री छात्रावास तक तांडव कराने वाले आरोपी छात्रों की गिरफ्तारी दो दिन बीतने के बाद भी नहीं हो पायी है। उधर घटना को देखते हुए सतर्कता के तौर पर रविवार को पुलिस की मौजूदगी में विश्वविद्यालय प्रॉक्टोरियल बोर्ड की टीम ने सभी हॉस्टलों के कमरों को खंगाला और मौजूद छात्रों के आईडी कार्ड भी देखे गये। इस दौरान छात्रों को सख्त हिदायत दी गयी कि अब कोई भी बाहरी छात्र अगर किसी के कमरे में मिलेगा तो उसका हॉस्टल से बाहर कर दिया जायेगा।

विश्वविद्यालय की छात्र अधिष्ठाता प्रोफेसर पूनम टंडन ने बताया कि हॉस्टल में मारपीट के बाद अब नियम और सख्त कर दिए गये हैं। उन्होंने बताया कि अब बिना प्रोवोस्ट और चीफ प्रोवोस्ट की अनुमति के छात्र पार्टी नहीं कर सकेंगे। कोई बाहरी व्यक्ति प्रवेश नहीं कर सकेगा। रात्रि 10 बजे के बाद किसी भी छात्र का बिना प्रोवोस्ट के छात्रावास के बाहर आना-जाना नहीं हो सकेगा। इसके साथ ही रात्रि भोजन का समय सायं सात बजे से रात्रि नौ बजे तक रहेगा। बता दें कि बीते शुक्रवार को जन्मदिन पार्टी के दौरान दो छात्र गुट भिड़े थे, जिसमें एक छात्र अमन को गंभीर चोटे हैं आयी हैं उसका इलाज केजीएमयू में चल रहा है हालत नाजुक बतायी जा रही है।

एलबीएस हॉस्टल के छात्रों के बयान दर्ज

पुलिस टीम ने रविवार को एलबीएस हॉस्टल के अन्य छात्रों के भी बयान दर्ज किए हैं। विश्वविद्यालय चौकी प्रभारी राहुल तिवारी ने बताया कि मामले की छानबीन शुरू हो गयी है। साथ ही मारपीट करने वाले छात्रों के बारे में भी पता लगाया जा रहा है। कुछ छात्रों के मोबाइल नंबर भी मिले हैं, उनकी लोकेशन के आधार पर धरपकड़ की जायेगी।

विश्वविद्यालय की कमेटी ने भी शुरू की जांच

वहीं विश्वविद्यालय की ओर से भी एक जांच कमेटी गठित कर दी गयी है। इस कमेटी ने रविवार से ही जांच भी शुरू कर दी है। प्रॉक्टर प्रो राकेश द्विवेदी ने बताया कि जांच कमेटी और पुलिस दोनो की ही जांच रिपोर्ट आ जाने के बाद भी दोषी छात्र होंगे उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जायेगी।

AMRIT VICHAR PAGE 6

प्रॉक्टर और पुलिस की टीम ने सभी हॉस्टलों को खंगाला

लविवि में बाहरी छात्रों के प्रवेश पर पूरी तरह से प्रतिबंध

अमृत विचार, लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय में महमूदाबाद छात्रावास से लेकर लाल बहादुर शास्त्री छात्रावास तक तांडव कराने वाले आरोपी छात्रों की गिरफ्तारी दो दिन बीतने के बाद भी नहीं हो पायी है।

इधर, घटना के बाद विश्वविद्यालय प्रॉक्टोरियल बोर्ड की टीम ने सभी हॉस्टलों के कमरों को खंगाला और मौजूद छात्रों के आईडी कार्ड भी देखे। इस दौरान छात्रों को सख्त हिदायत दी गयी कि अब कोई भी बाहरी छात्र अगर किसी के कमरे में मिलेगा तो उसका हॉस्टल से बाहर कर दिया जाएगा। इसके साथ ही विश्वविद्यालय की छात्र अधिष्ठाता प्रोफेसर पूनम टंडन ने बताया कि हॉस्टल में मारपीट के बाद अब नियम और सख्त कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि अब बिना प्रोवोस्ट और चीफ प्रोवोस्ट की अनुमति के छात्र पार्टी नहीं कर सकेंगे। कोई बाहरी व्यक्ति प्रवेश नहीं कर सकेगा। रात्रि 10.00 बजे के बाद किसी भी छात्र का बिना प्रोवोस्ट के छात्रावास के बाहर आना-जाना नहीं हो सकेगा। इसके साथ ही रात्रि भोजन का समय सायं सात बजे से रात्रि नौ बजे तक रहेगा। बता दें कि बीते शुक्रवार को जन्मदिन पार्टी के दौरान दो छात्र गुट भिड़े थे, जिसमें एक छात्र अमन को गंभीर चोटे हैं आयी हैं उसका इलाज केजीएमयू में चल रहा है। हालत नाजुक बतायी जा रही है।

हॉस्टल के कमरे में जांच करती प्रॉक्टर और पुलिस की टीम। फोटो : अमृत विचार

एलबीएस हॉस्टल के छात्रों के पुलिस टीम ने दर्ज किए बयान

पुलिस टीम ने रविवार को एलबीएस हॉस्टल के अन्य छात्रों के भी बयान दर्ज किए हैं। विश्वविद्यालय चौकी प्रभारी राहुल तिवारी ने बताया कि मामले की छानबीन शुरू हो गयी है। साथ ही मारपीट करने वाले छात्रों के बारे में भी पता लगाया जा रहा है। कुछ छात्रों के मोबाइल नंबर भी मिले हैं, उनकी लोकेशन के आधार पर धरपकड़ की जाएगी।

विश्वविद्यालय की कमेटी ने भी शुरू की जांच

विश्वविद्यालय की ओर से भी एक जांच कमेटी गठित कर दी गयी है। इस कमेटी ने रविवार से ही जांच भी शुरू कर दी है। प्रॉक्टर प्रो. राकेश द्विवेदी ने बताया कि जांच कमेटी और पुलिस दोनो की ही जांच रिपोर्ट आ जाने के बाद भी दोषी छात्र होंगे उनके खिलाफ कठोर कार